an>

Title: Need to ensure adequate level of water in Dahar Jheel bird sanctuary in Hardoi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) : मैं माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय पर्यटन मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के कस्बा साण्डी में राष्ट्रीय दहर झील पक्षी विहार है जिसे वर्ष 1995 से राष्ट्रीय स्तर का दर्जा प्राप्त है। इस दहर झील में विदेशी पक्षी सैलानी सर्दियों के महीनों में 3 माह तक प्रवास करते हैं तथा देश एवं विदेश के पर्यटक इस दहर झील को देखने/घूमने के लिए आते हैं। लेकिन इस झील में वर्षों से जल वर्षा के बाद सूख जाता है। वर्ष में मात्र दो से 4 महीनों तक ही पानी रहता है, वह भी बहुत कम मात्रा में। जबकि गंगा नदी से दहर झील में पानी आता था लेकिन नदी का जल स्तर गिरने से दहर झील में पानी का आना बन्द है जिससे सैलानी पक्षी एवं पर्यटकों का आना-जाना व्यर्थ प्रतीत होता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राष्ट्रीय दहर झील में जनहित में जल भरने की कोई विशेष योजना तैयार की जाए।